# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मैजिक शो एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

चंडीगढ़। राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान( ग्रिड), सेक्टर 31 परिसर में इनरव्हील क्लब के द्वारा संस्थान के विशेष विद्यालय के करीब 400 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति में मैजिक शो एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैजिक शो में जादूगर प्रदीप ने अलग-अलग जादू के करतब दिखाए, जिसका छात्रों ने खूब लुत्फ उठाए और तालियों की गड़गड़ाहट से अपने खुशी के इजहार किए ।

ड्राइंग प्रतियोगिता में संस्थान के विशेष विद्यालय के विभिन्न आयु वर्ग के करीब 75 छात्रों ने हिस्सा लिया। विजेता छात्रों को संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर. वाणी रत्नम, इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष सुश्री सुनीला गर्ग, सचिव सुश्री मेधा दीवान एवं क्लब के अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया।

पुरस्कार विजेताओं का विवरण :- 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग में खुशी, आयुष एवं निमित ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल किए, वहीं 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग में पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान क्रमशः गुलशानवीर, नितिन और अनूप ने प्राप्त किया। 15 से 18 आयु वर्ग में गौरव, शिवा और आशीष ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल किए एवं 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में महावीर, पूजा, वरणजीत सिंह, नीतीश और दीपू को क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा एवं पांचवा स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों को इनरव्हील क्लब के द्वारा स्वल्पाहार स्पॉन्सर किए गए। प्रशांत, कमलदीप एवं रमनदीप आयोजन समिति के सदस्य थे।

**इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष और क्लब के अन्य सदस्यों के साथ विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर वाणी रत्नम**



प्राइमरी इ कक्षा की छात्रा कृतिका अपनी ड्राइंग दिखाती हुई

प्रिपेरेटरी 1 की छात्रा खुशी ड्राइंग में रंग भरते हुए

मैजिक शो का लुफ्त उठाते हुए विद्यार्थीगण

## मैजिक शो, ड्राइंग प्रतियोगिता कराई

चंडीगढ़ | ग्रिड सेक्टर-31 के परिसर में इनर व्हील क्लब ने संस्थान के विशेष स्कूल के करीब 400 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति में मैजिक शो व ड्राइंग प्रतियोगिता कराई। मैजिक शो में जादूगर प्रदीप ने अलग-अलग जादू के करतब दिखाए। ड्राइंग प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के करीब 75 छात्रों ने हिस्सा लिया।

## दिव्यांग स्टूडेंट्स का मैजिक शो और ड्राइंग कंपीटीशन

**Competition**

सेक्टर-31 के ग्रिड में इनर व्हील क्लब द्वारा फन एक्टिविटी रखी गई।

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़

खुश रहने के लिए किसी उम्र की या जज्बे की जरूरत नहीं होती। स्टूडेंट्स को एंटरटेन करने के मकसद से खास फन ...निंग को रखा गया। इससे ...ौद्धिक दिव्यांगजनों को जोड़ा ...या। इनरव्हील क्लब ने सेक्टर-...1 के गवर्नमेंट रिहैब्लिटेशन ...स्टिट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल ...सेबिल्टीज (ग्रिड) में मैजिक ... और ड्राइंग कंपीटीशन का ...योजन हुआ। जहां तकरीबन ...00 बौद्धिक दिव्यांग बच्चे हिस्सा ...। मैजिक शो में जादूगर प्रदीप ने अलग-अलग मैजिक करके दिखाए। वहीं ड्राइंग कंपीटीशन में इंस्टिट्यूट से विभिन्न उम्र के करीब 75 स्टूडेंट्स हिस्सा बने। उनकी क्रिएटिविटी को डॉ. आर. वाणी रत्नम और क्लब की सदस्यों ने आंकलन करते हुए नवाजा। कंपीटीशन में छह से दस साल उम्र की कैटेगरी में खुशी ने पहला, आयुष से दूसरा और निमित ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि ग्यारह से 14 साल उम्र कैटेगरी में गुलशनवीर ने पहला, नितिन ने दूसरा और अनूप ने तीसरा स्थान हासिल किया। पंद्रह से 18 साल उम्र में गौरव पहले नंबर पर, शिवा दूसरे पर और आशीष को तीसरा नंबर पर रहे। वहीं अठारह साल से ऊपर की उम्र में महावीर पहले, पूजा दूसरे, वरणजीत सिंह तीसरे, नीतीश चौथे और दीपू पांचवें नंबर पर रहे।

...nder Singh got

## दिव्यांगों के लिए इनरव्हील क्लब ने मैजिक शो व ड्राइंग प्रतियोगिता कराई

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 में इनरव्हील क्लब ने 400 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति में मैजिक शो एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैजिक शो में जादूगर प्रदीप ने अलग-अलग जादू के करतब दिखाए।

ड्राइंग प्रतियोगिता में संस्थान के विशेष विद्यालय के विभिन्न आयु वर्ग के करीब 75 छात्रों ने हिस्सा लिया। विजेता छात्रों को संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डा. आर वाणी रत्नम, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुनीला गर्ग, सचिव मेघा दीवान एवं क्लब के अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में 6 से 10 वर्ष आयु वर्ग में खुशी, आयुष एवं निमित ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग में पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान क्रमशः गुलशनवीर, नितिन और अनूप ने प्राप्त किया। 15 से 18 आयु वर्ग में गौरव, शिवा और आशीष को क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान एवं 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में महावीर, पूजा, वरणजीत सिंह, नीतीश और दीपू को क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा एवं पांचवा स्थान प्राप्त हुआ।

**समाचार कवरेज**